हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 मंडी नीलामी होगी 5 नवंबर तक नगद पेमेंट में नहीं होगा...



07 बिछिया की गौशाला में गौ संरक्षण के प्रयास सराहनीय : संभागायुक्त



खबर संक्षेप

राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज लगाई जाएगी दौड़

विदिशा। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। सुबह 7 बजे पुलिस लाइन से दौड़ ओवरब्रिज, गुलाब वाटिका, खेल स्टेडियम और अंडरब्रिज होते हुए वापस पुलिस लाइन पहुंचेगी। सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई जाएगी।

ओलंपस स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

विदिशा। ओलंपस स्कूल में आज 14वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में विदिशा के पूर्व कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह शामिल होंगे। स्कूल संचालक यशपाल सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।

पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम आज

विदिशा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर आज सुबह 9:30 बजे इंदिरा-राजीव उद्यान में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला एवं प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों सहित पूर्व सांसद, विधायक, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

संभागायुक्त ने की हुनर की सराहना

विदिशा। ग्राम बिछिया स्थित श्रीकृष्ण गौशाला के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने गोबर से दीये तैयार कर रहे बारेलाल अहिरवार के हुनर की सराहना की। उन्होंने बारेलाल से दीये बनाने की प्रक्रिया, लागत, बिक्री दर और अब तक हुई आमदनी की जानकारी ली। संभागायुक्त ने कहा कि गोबर से उपयोगी उत्पाद बनाकर स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने भी गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

50 हेक्टेयर में कैम्पा योजना के तहत पौधरोपण

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शमशाबाद वन परिक्षेत्र के हड़ा आरक्षित वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां कक्ष क्रमांक 238 में कैम्पा योजना के तहत 50 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाए गए 50 हजार पौधों का अवलोकन किया। वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव ने बताया कि वर्ष 2022-23 में सागौन और मिश्रित प्रजातियों के पौधों का रोपण कराया गया था। उन्होंने पौधों के संरक्षण, वन क्षेत्र की सुरक्षा और हरित आवरण बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। यह वृक्षारोपण ग्राम वन समिति झिरी के अंतर्गत बीट झिरी में किया गया है।

2.30 लाख से अधिक किसानों के खातों में पहुंचे 46.12 करोड़ रुपए

विदिशा। किसान उत्सव दिवस पर शुक्रवार को मिर्जापुर कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की गई। जिले के 2 लाख 30 हजार 643 किसान परिवारों के बैंक खातों में कुल 46 करोड़ 12 लाख रुपए अंतरित किए गए। इस दौरान कृषि विभाग ने दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन के तहत किसानों को मसूर और चना के बीज मिनीकिट वितरित किए।

2% महंगाई भत्ता मिलने पर धरना स्थगित किया

विदिशा। मप्र अधिकारी-कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री द्वारा दो प्रतिशत महंगाई भत्ता घोषित किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। इस घोषणा के बाद मोर्चे ने 4 नवंबर को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। संयुक्त मोर्चे ने शेष तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित अन्य लंबित मांगों के निराकरण की मांग की है।

मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती, लेकिन व्यवस्था सुधारने पर ध्यान नहीं

जगह-जगह खुले बिजली के बॉक्स, लटक रहे कटआउट, बिजली कंपनी को हादसों का इंतजार

सागर पुलिया से एसएटीआई गेट और न्यायालय परिसर तक बिजली कंपनी ने लापरवाही के निशान छोड़ रखे हैं। कलेक्टर बंगले के पास भी बॉक्स में कटआउट खुले पड़े हैं जो हादसों को न्योंता दे रहे हैं।



विदिशा। बंटी नगर चौराहे दुर्गानगर न्यायालय परिसर तक जगह- जगह बिजली के खंभों पर बॉक्स और कटआउट खुले पड़े हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने का दावा करने वाली बिजली कंपनी की लापरवाही अब लोगों की जान पर भारी पड़ने लगी है। शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर खुले बिजली के बॉक्स, लटकते कटआउट, झूलती केबलें और आड़े-तिरछे खंभे हादसों को न्योता दे रहे हैं। हालात यह हैं कि सागर पुलिया के पास खंभे पर खुले कटआउट लटक रहे हैं तो कलेक्टर बंगले के पास भी बिजली के खुले कनेक्शन दिखाई दे रहे हैं। जीवनधारा अस्पताल के पास और एसएटीआई गेट के सामने भी बिजली के बॉक्स में कनेक्शन खुले पड़े हैं। न्यायालय परिसर के पास तक यह लापरवाही साफ नजर आती है। शहर में बिजली के तार और केबल जगह-जगह नीचे तक लटक रहे हैं। दुर्गा उत्सव के दौरान इन केबलों के कारण प्रतिमाओं को भी नुकसान पहुंचने की स्थिति बनी थी। इसके बावजूद कंपनी ने स्थायी समाधान की दिशा में कोई गंभीर कदम नहीं उठाया। कई स्थानों पर खंभे इतने आड़े-तिरछे हैं कि वे कभी भी गिर सकते हैं, लेकिन उन्हें सीधा करने या बदलने की सुध नहीं ली जा रही।

सबसे गंभीर स्थिति शिवाजी चौक की है। यहां चौराहे के बीचोंबीच डीपी लगी हुई है। इसके कारण भारी वाहनों को निकलने में परेशानी होती है और यातायात भी प्रभावित होता है। यदि इस डीपी को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाए तो चौराहे को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सकता है। इसके बावजूद लंबे समय से इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया।

मेंटेनेंस के नाम पर कटौती, सुधार के नाम पर उदासीनता

बिजली कंपनी मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली कटौती करती है, लेकिन इस दौरान शहर की अव्यवस्थित बिजली व्यवस्था को सुधारने के काम कितने होते हैं, यह सवाल बना हुआ है। खुले कटआउट, असुरक्षित कनेक्शन और झूलती केबलें कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं। खंभों से स्पार्किंग और आग लगने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। लोगों का कहना है कि बिजली कंपनी अपनी सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर रहती है, लेकिन आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर वैसी तत्परता नहीं दिखाई देती। छतों के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की बजह से मौतों के एक नहीं कई मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन लाइन को हटाने की जगह कंपनी ने मकान मालिकों को ही नोटिस जारी किए थे। अभी हाल ही में भी करंट से मौतों के मामले सामने आ चुके हैं।

सालों से शिवाजी चौक पर बीच चौराहे पर डीपी,

शिवाजी चौक पर चौराहे के बीच में लगी डीपी यातायात में बाधा बन रही है। भारी वाहनों को यहां से निकलने में परेशानी होती है। डीपी को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाए तो चौराहे को व्यवस्थित किया जा सकता है। इसके बावजूद बिजली कंपनी इस दिशा में कदम नहीं उठा रही।

फंड की डिमांड है

जितना फंड मिला था उतना काम कर चुके हैं। अभी और फंड की डिमांड की है। जैसे ही फंड आएगा आगे काम किया जाएगा। शिवाजी चौक पर बीच चौराहे पर लगी डीपी हटाने नपा आवेदन दें और डीपी लगाने नई जगह भी बताएं तो डीपी शिफ्ट करने की दिशा में भी काम किया जाएगा।

- **अवधेश त्रिपाठी,** जीएम बिजली कंपनी विदिशा।

टंकी पर चढ़कर कलेक्टर ने जांची सफाई, पीएम आवास से वंचित परिवारों का मुद्दा उठा

जनविश्वास अभियान के तहत शमशाबाद पहुंचे कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं, दिव्यांग शिविर और कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण



विदिशा। आवेदन लेते हुए कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

जनविश्वास अभियान के तहत शमशाबाद पहुंचे कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर आमजन से सीधा संवाद किया।

तहसील परिसर में कलेक्टर का अलग अंदाज देखने को मिला। वे खुद पानी की टंकी पर चढ़ गए और वहां की सफाई व्यवस्था देखी। कलेक्टर ने दिव्यांग शिविर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद कन्या छात्रावास पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। जनसंवाद के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि नगर की अवैध कॉलोनियों में प्लॉट होने के कारण सैकड़ों गरीब और पात्र परिवार आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने ऐसे परिवारों को योजना से जोड़ने के लिए समाधान निकालने की मांग की। मोना भार्गव ने स्वसहायता समूह के माध्यम से समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी के 5 महीने बाद भी भुगतान लंबित होने की शिकायत की है।

थाने में सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश

पुलिस थाने के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गुंडा और निगरानीशुदा बदमाशों की सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि थाने आने वाले लोगों को उनकी जानकारी स्पष्ट रूप से मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण हो और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान एसपी रोहित केशवानी, डीएफओ हेमंत यादव, नगर निरीक्षक आशुतोष सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

गूलरखेड़ी मंडी में कैलाश रघुवंशी ने गिनाईं किसान हितैषी योजनाएं

किसानों को बीज वितरित, खेती के लिए पानी-बिजली की उपलब्धता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शुक्रवार गूलरखेड़ी मंडी में कृषि विभाग द्वारा किसानों को बीज वितरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैलाश रघुवंशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई किसान क्रेडिट कार्ड योजना से छोटे किसानों को आर्थिक सुरक्षा और मजबूती मिली है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में शुरू की गई किसान हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन प्रयासों से मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर विकास की राह पर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। वर्तमान में किसानों की सबसे बड़ी जरूरत खेती के लिए 24 घंटे पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में बृजेश लोधी, जगदीश दांगी, बलवंत यादव, गोपाल सिंह दांगी, सुखवेंद्र धांगी सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, सरपंच और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



बीज वितरित करते जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि।

हरदीप पुरी के नामांकन के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, माधवगंज चौराहे पर फूंका पुतला

एपिस्टिन फाइल विवाद का हवाला देकर भाजपा पर साधा निशाना, कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी को मप्र से राज्यसभा के लिए नामांकित किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने माधवगंज चौराहे पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हरदीप पुरी का पुतला दहन किया और भाजपा नेतृत्व के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि हरदीप पुरी का नाम एपिस्टिन फाइलों के संदर्भ में सार्वजनिक चर्चा में आने के बाद उन्हे मप्र से राज्यसभा भेजने का निर्णय कई सवाल खड़े करता है। भाजपा नेतृत्व को प्रदेश की जनता के सामने इस फैसले को लेकर स्थिति स्पष्ट करना चाहिए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने कहा कि मप्र की जनता के सम्मान और प्रदेश की राजनीतिक गरिमा से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एक ओर नैतिकता और सुशासन की बात करती है, वहीं दूसरी ओर विवादों में आए व्यक्ति को राज्यसभा के लिए नामांकित कर रही है। यह पार्टी के कथनी और करनी के अंतर को उजागर करता है।

इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू सिंह राजपूत, पूर्व महिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आशा सिंह राजपूत, राजकुमार पासी, सुशील शर्मा, गोविंद भार्गव, रूप सिंह किरार, रामराज सिंह दांगी, शरद शर्मा, नरेंद्र शर्मा, , गोविन्द सिंह राजपूत, कमलेश शर्मा , सुमित पाल, नवनीत कुशवाह, थान सिंह कुशवाह, माधोसिंह अहिरवार, संतोष चिढ़ार, राहुल रघुवंशी, राजेश रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।



विदिशा। पुतला दहन के दौरान कांग्रेसियों और पुलिस की झुमाझटकी हुई।

जिपं अध्यक्ष ने कराखेड़ी स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को बांटी साइकिलें

शिक्षा का महत्व बताया, विद्यार्थियों का तिलक कर कराया मुंह मीठा, परिसर में पौधरोपण किया



विदिशा। स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शासकीय एकीकृत हाई स्कूल करारखेड़ी में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान विद्यार्थियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो इसे ग्रहण करेगा, वह उतना ही ताकतवर और बुद्धिमान बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की व्यवस्थाओं और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की गई। साथ ही शिक्षकगणों का सम्मान कर उनके योगदान की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, ग्रामीणजन और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भारतमाला सड़क निर्माण से खेतों के रास्ते बंद किसानों ने अंडरपास व रास्ता बनाने की मांग की

विदिशा। भारतमाला सड़क निर्माण के चलते ग्राम करैया हवेली के किसानों के खेतों तक पहुंचने के रास्ते बंद हो गए हैं। इससे किसानों को कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्र खेतों तक ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर ग्राम करैया हवेली के किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को आवेदन सौंपकर राहत की मांग की है। आवेदन में किसानों ने बताया कि भारतमाला सड़क निर्माण के दौरान खेतों तक पहुंचने वाला पुराना रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। सड़क के दोनों ओर रास्ता नहीं होने से किसान अपनी भूमि तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे खेती-किसानी प्रभावित होने के साथ आर्थिक नुकसान की आशंका भी है। किसानों ने भारतमाला सड़क के चेनज-4 पर दोनों तरफ अंडरपास और रास्ता बनाने की मांग की है, ताकि वे आसानी से अपने खेतों तक कृषि यंत्र ले जा सकें।

वार्ड 38 में विधायक ने समस्याएं सुनीं, निराकरण के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विधायक मुकेश टंडन ने शुक्रवार को वार्ड 38 का भ्रमण कर वार्ड में व्याप्त समस्याओं एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी। वार्डवासियों ने अपनी समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। विधायक मुकेश टंडन ने मौके पर उपस्थित नपा के अधिकारियों को नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वार्ड की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। विधायक टंडन ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, रामप्रसाद पासी, शैलेन्द्र सिरभैया, दीप सिंह जादौन, बाबूलाल कुशवाह, राजू मालवीय, राजकुमार जाट, लखन पटेल, सुरेंद्र कुशवाह आदि मौजूद रहे।

वाहन, सोना-चांदी, मकान और नए कारोबार की शुरुआत के लिए शुभ मुहूर्त

1 नवंबर को बन रहा रविपुष्य का दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दीपावली से पहले रविवार 1 नवंबर को ज्योतिष की दृष्टि से बेहद दुर्लभ और शुभ संयोग बन रहा है।

इस दिन रविपुष्य नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग और महालक्ष्मी राजयोग का भी निर्माण होगा। ज्योतिष शास्त्र में पुष्य नक्षत्र को 27 नक्षत्रों में आठवां और नक्षत्रों का राजा माना गया है। इस योग में सोना-चांदी, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, फर्नीचर, भूमि-मकान सहित अन्य वस्तुओं की खरीदारी करना विशेष फलदायी माना जाता है। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि जब रविवार को पुष्य नक्षत्र पड़ता है तो रविपुष्य योग बनता है।

इस नक्षत्र के देवता बृहस्पति और स्वामी शनि हैं। बृहस्पति ज्ञान और समृद्धि के प्रतीक हैं, जबकि शनि स्थिरता के कारक माने जाते हैं। मान्यता है कि इस नक्षत्र में खरीदी गई वस्तुएं लंबे समय तक घर में टिकती हैं और इस दौरान शुरू किए गए कार्य स्थायी सफलता प्रदान करते हैं। इस बार रविपुष्य के साथ सर्वार्थ सिद्धि और महालक्ष्मी राजयोग का संयोग इसे और खास बना रहा है।

मंगल-चंद्र की युति से बनेगा महालक्ष्मी राजयोग

शास्त्री के अनुसार रविवार को कर्क राशि में मंगल और चंद्रमा की युति से महालक्ष्मी राजयोग बनेगा। इसे धन, संपत्ति और आर्थिक उन्नति के लिए शुभ माना जाता है। वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग कार्यों में सफलता देने वाला माना गया है। दिन में साध्य और शुभ योग भी रहेंगे।

तंत्र साधना में भी विशेष महत्व

रविपुष्य योग का तंत्र-मंत्र और यंत्र साधना में भी विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन सफेद आक के पौधे की जड़ से गणेश प्रतिमा बनाकर विधिवत पूजन करने की परंपरा है। मान्यता है कि इससे घर में सुख-समृद्धि आती है।

खरीदारी के शुभ मुहूर्त

पंडित शास्त्री के अनुसार पुष्य नक्षत्र रविवार को सूर्योदय से लेकर रात 4:30 बजे तक रहेगा। शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष रविपुष्य का यह संयोग सभी राशियों के लिए खरीदारी और नए कार्यों की शुरुआत के लिहाज से शुभ माना गया है।

खरीदारी के लिए मुहूर्त

- **सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक :** लाभ-अमृत चौघड़िया
- **दोपहर 1:30 से 3 बजे तक :** शुभ चौघड़िया
- **शाम 6 से रात 9 बजे तक :** शुभ-अमृत चौघड़िया
- **अभिजीत मुहूर्त :** सुबह 11:36 से दोपहर 12:22 बजे तक
- **कुंभ लग्न :** दोपहर 1:46 से 3:18 बजे तक
- **वृषभ लग्न :** शाम 6:29 से 8:27 बजे तक

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7100
सरसों
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-8450
चना
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-7005
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6500
गेंहू
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5760
बटरी
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3700
मूंग
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-6600
उड़द
न्यूनतम भाव-3310
उच्चतम भाव-7400
मक्का
न्यूनतम भाव-1750
उच्चतम भाव-2702
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3615
ज्वार
न्यूनतम भाव-1850
उच्चतम भाव-1850
धान
न्यूनतम भाव-900
उच्चतम भाव-4891
मटर
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2400

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 29315 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

बीच सड़क पर ट्रक बंद होने से लगा जाम

गंजबासौदा। सिरोंज चौराहे से राजेंद्र नगर जाने वाले मार्ग पर गत दिवस एक ट्रक खराब हो गया। ट्रक सड़क के बीचों बीच खड़ा रहा। दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं जिससे लंबा जाम लग गया। काफी देर तक रास्ता खुलने का इंतजार हुआ। जिसके बाद किसानों और वाहन चालकों को दूसरे मार्ग से निकलना पड़ा। बरी घाट जाने वाले किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चार पहिया वाहनों से करीब 4 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ा। उन्हें पचमा बायपास रोड से आना-जाना करना पड़ा। शहर के अंदर भारी वाहनों की आवाजाही बंद है। ट्रक बायपास मार्ग से गुजरते हैं। शाम के समय इसी बायपास पर ट्रक अचानक बंद हो गया, जिससे देर तक यातायात बाधित रहा। वाहन चालक जाम हटने के इंतजार में देर तक परेशान होते रहे। वहीं कुछ वाहन चालक अपने वाहनों को वैकल्पिक रास्ते का उपयोग करते हुए गलियों से होकर निकले। उधर किसानों को गांवों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी।

मंडी संचालन को लेकर हुई प्रशासन और व्यापारियों की बैठक

मंडी नीलामी होगी 5 नवंबर तक नगद पेमेंट में नहीं होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





शुक्रवार को मंडी समिति कार्यालय में मंडी प्रशासन एवं व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी त्यौहार दीपावली को देखते हुए व्यापारियों ने 5 नवंबर तक नीलामी कार्य करने पर सहमति दे दी। साथ ही दो लाख रूपए तक के नगद भुगतान के निर्देश पर अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है और बैंकों से नगद राशि मिलने के आधार पर वर्तमान में चल रही भुगतान व्यवस्था जारी रहेगी।

यहां उल्लेखनीय है कि आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने आगामी 4 नवंबर तक नीलामी करने और 5 नवंबर से अवकाश का निर्णय लिया था। लेकिन मंडी प्रशासन द्वारा त्यौहार के समय अधिक समय तक नीलामी करने के निर्देश पर शुक्रवार को व्यापारियों और प्रशासन की बैठक आयोजित की गई।

एसडीएम एवं मंडी की भारसाधक अधिकारी अनुभा जैन की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में व्यापारियों ने प्रशासन के निर्देश को मानते हुए आगामी 5 नवंबर तक मंडी नीलामी जारी रखने पर सहमति दे दी। ताकि त्यौहार के समय किसान भाई अपनी उपज बेच सकें और उन्हें त्यौहार पर आर्थिक परेशानी न उठानी पडे।

इस संबंध में मंडी सचिव सोहन लाल ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए अधिक समय तक मंडी नीलामी को लेकर बैठक हुई थी, जिस पर व्यापारियों ने 5 नवंबर तक नीलामी जारी रखने पर सहमति दे दी है। जबकि दो लाख रूपए तक के नगद भुगतान के निर्देश पर अभी कोई चर्चा नहीं की गई है और किसानों वर्तमान में चल रही भुगतान व्यवस्था के तहत ही उपज का भुगतान किया जाएगा।

डाक नीलामी हुई बाधित, यथा स्थिति में बनी रहेगी भुगतान की व्यवस्था

गंजबासौदा। इन दिनों विभिन्न बैंकों में नगदी की कमी है और व्यापारियों को आवश्यकतानुसार नकद भुगतान नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में मंडी में उपज बेंचने आने वाले किसानों को भी उपज का पूरा नगद भुगतान नहीं मिल पाता। जिससे मंडी में आए दिन विवाद हो रहे हैं। हांलाकि कम नगदी मिलने पर व्यापारी किसान की आवश्यकतानुसार नगद भुगतान कर रहे हैं और शेष भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किसान के खाते में पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में सभी किसानों को पर्याप्त नगद भुगतान नहीं मिल पाने से वे परेशान हो रहे हैं। इसी समस्या को देखते हुए गत दिवस मंडी प्रशासन ने व्यापारियों को 2 लाख रूपए तक के नगद भुगतान के निर्देश दिए थे, लेकिन बैंकों से नकदी न मिलने से यह निर्देश पालन करना व्यापारियों के लिए वर्तमान में संभव नहीं है। इस कारण शुक्रवार को व्यापारियों के विरोध स्वरूप कुछ समय तक मंडी नीलामी भी बंद रही। हांलाकि बाद में मंडी प्रशासन और किसान प्रतिनिधियों के बीच बैंकों संबंधी परेशानी बताए जाने पर वर्तमान में चल रही भुगतान व्यवस्था को ही जारी रखने पर सहमति बनी और डाक नीलामी पुनः चालू हो सकी।

सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का लोकार्पण आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का लोकार्पण शनिवार को वेदनखेड़ी स्थित कुर्मी क्षत्रिय समाज धर्मशाला के पास किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, देवेंद्र पटेल विधायक बेगमगंज, सर्वेश कटियार राष्टीय अध्यक्ष, गिरधारी कुमायु प्रदेश अध्यक्ष, गौरव पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष दमोह उपस्थित रहेंगे और प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। कार्यकम में आयोजक शर्मा बाबू पटेल जिला अध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय महासभा समाज, युवा अध्यक्ष अनुज पटेल संरपच बूढ़ी बागरोद, डॉ. हेम कुमारी कुर्मी सागर प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा, गोविंद पटेल, रोहित पटेल भाजप मडंल अध्यक्ष त्योंदा, अर्जुन सिंह एड. प्रदेश सचिव, देवेंद्र कटियार प्रदेश उपाध्यक्ष, अंतेश पटेल, संतोष पटेल, रामस्वरूप पटेल, बद्री पटेल, धरूप पटेल, रोहित पटेल, सौरभ पटेल, प्रतिपाल पटेल, विमल गौर भोपाल युवा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा जिला महासचिव भारत सिंह पटेल, प्रदेश सचिव रोशन पटेल मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में गणमान्य नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई है।

शुक्रवार को दिन भर चला फुहारों का दौर तापमान में आई गिरावट



फाइल फोटो

गंजबासौदा। अर्नब चक्रवात के चलते इलाके में तीन दिन से बादल छाए हुए हैं और गत दिवस रिमझिम बारिश होने के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को भी दिन भर फुहारों का दौर चलता रहा। दो दिन से बारिश और फुहारों के साथ आसमान पर बादल छाए रहने से तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और लोगों को आज गर्म कपडों का भी उपयोग करना पडा।

यहां उल्लेखनीय है कि अर्नब चक्रवात के चलते पिछले तीन दिनों से इलाके का मौसम बदल गया है। इस चक्रवात के असर से इलाके में बारिश की संभावना थी और किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार था, लेकिन गत दिवस दिन भर आसमान पर छाए बादलों से सिर्फ रिमझिम बारिश ही होती रही। वहीं रात में बादल तो छाए रहे,लेकिन बरसे नहीं। जबकि शुक्रवार की सुबह से भी आसमान पर बादल छाए रहे। दोपहर में इन बादलों से फुहारों का सिलसिला शुरू हुआ और देर शाम तक जारी रहा। रिमझिम बारिश और फुहारों के चलते ठंडी हवाएं चलने से तापमान में काफी गिरावट आ गई और लोगों को सर्दी से राहत पाने के लिए समय से पहले ही गर्म कपडे निकालने पडे। वहीं गांवों में तो लोगों ने अभी से अलाव जलाना शुरू कर दिए हैं।

हांलाकि हल्की बारिश से किसानों को राहत कम और परेशानी ज्यादा उठानी पडी है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में पलेवा और बोवनी की तैयारी चल रही है। ऐसे में किसान अच्छी बारिश की कामना कर रहे थे,ताकि प्राकृतिक सिंचाई से उनका समय, श्रम और पानी की बचत हो जाए, लेकिन अच्छी बारिश नहीं हुई। वहीं धान उत्पादक किसानों की फसल की कटाई और गहाई चल रही है। ऐसे में हल्की बारिश से उन्हें अपनी उपज को बचाने के लिए परेशानी उठानी पडी। अब इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 1 नवंबर तक आसमान पर बादल छाए रहने के संकेत दिए हैं। हांलाकि इन बादलों से बारिश की संभावना बहुत कम है। वेबसाइटों ने आगामी 2 नवंबर से बादल छंटने और उसके बाद तापमान में गिरावट के संकेत भी दिए हैं।

वार्ड क्रमांक 11 में नपा सीएमओ ने किया निरीक्षण



गंजबासौदा। नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर के वार्ड क्रमांक 11 में नगर पालिका के सफाई अमले द्वारा विशेष साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मचारियों ने वार्ड की विभिन्न गलियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सफाई कार्य किया। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा, नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीना ने वार्ड क्रमांक 11 पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा सफाई अमले द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा। नगर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सफाई कार्य किए जाने पर जोर दिया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सफाई अमले के माध्यम से लगातार कार्य कराया जा रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका अमले द्वारा नगर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं साफ, सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगरवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय समय पर निरीक्षण किया जाता है,जिससे आमजन को परेशान न हो। इस दौरान नपा सफाई अमला मौजूद रहा।

बैंक प्रबंधकों को सुरक्षा और साइबर ठगी रोकने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को शहर थाना परिसर में एसडीओपी शिखा भलाबी, शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी जयकुमार सिंह द्वारा नगर के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी की घटनाओं की रोकथाम को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में बैंक प्रबंधन भी साइबर ठगी के प्रति सतर्कता बरतें और ग्राहकों को समय-समय पर जागरूक करें। उन्होंने बैंकों के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जांच कर उन्हें सुचारू रखने तथा सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखी जाए, ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की पहचान समय रहते की जा सके। विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग, जो पेंशन संबंधी कार्यों के लिए बैंक आते हैं, उनकी सुरक्षा और सहायता पर ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे बुजुर्गों को ऑनलाइन ठगी, अनजान कॉल, ओटीपी साझा करने और अन्य साइबर धोखाधड़ी से बचाने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। बैंकों के बाहर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने और पार्किंग उचित स्थान पर करवाने की भी चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को नियमित जांचने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई।

आज किसानों के खाते में आएगी सम्मान निधि

गंजबासौदा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों के लिए 30 अक्टूबर का दिन महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के बनासकांठा से योजना की 24 वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत पात्र किसानों के बैंक खातों में 2-2 हजार रुपए की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि 2-2 हजार रुपए की तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में जमा होती है। भारतीय किसान संघ के महेंद्र रघुवंशी ने किसानों को सलाह दी है कि वह किस्त जारी होने से पहले अपने बैंक खाते, आधार फीडिंग और ई-केवाईसी की स्थिति जांच लें, प्रक्रियाओं में कमी होने पर भुगतान अटक सकता है।

नो एंट्री में भी प्रवेश कर रहे हैं भारी वाहन

गंजबासौदा। नगर में भारी वाहनों की रात 9 बजे तक नो एंट्री होने के बावजूद यातायात पुलिस की लापरवाही से भारी वाहन प्रवेश कर रहे हैं। जिससे आए दिन नगर के कई मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है और यातायात अव्यवस्था से वाहन चालकों सहित नागरिकों को भी परेशान होना पड रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में सुबह 9 बजे से लेकर रात 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। जिससे भारी वाहनों का आवागमन न होने से नगर में जाम या अव्यवस्था न उत्पन्न हो,लेकिन यातायात पुलिस और प्रशासन की पाबंदियों के बावजूद कई वाहन चालक नियम की जानकारी न होने या बाहरी वाहन चालक होने से अपने भारी वाहन नगर में प्रवेश करा देते हैं। ऐसे में अव्यवस्था उत्पन्न होती है और जाम भी लग जाता है। नागरिकों ने यातायात पुलिस से नो एंट्री नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है।

नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का हो रहा आयोजन

नौलखी से जम्मू कश्मीर तक रामनाम की गूंज





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बेतवा तट स्थित नौलखी आश्रम की संत परंपरा की आध्यात्मिक गूंज अब देश के विभिन्न तीर्थस्थलों से होती हुई जम्मू-कश्मीर तक पहुंच गई है। माता वैष्णों देवी की पावन धरा जम्मू-कश्मीर में इन दिनों भगवान श्रीराम के नाम की गूंज सुनाई दे रही है। जिस धरती पर माता वैष्णों के जयकारे और भक्ति की अनूठी परंपरा है, उसी पावन अंचल में नगर के नौलखी आश्रम की संत परंपरा रामकथा के माध्यम से अपनी आध्यात्मिक उपस्थिति दर्ज करा रही है। नौलखी खालसा के श्रीमहंत 108 राममनोहर दास महाराज के श्रीमुख से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। कथा का यह आयोजन जम्मू कश्मीर के महात्मा संत हरे राम दास महाराज के शिष्य मंडल द्वारा कराया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के मंडाल में 26 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्री राम कथा 3 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हो रही है। इसके साथ सुबह हवन-पूजन,भंडारा और आरती के धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजित इस रामकथा में गंजबासौदा के श्रद्धालु भी पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं। कथा में नगर के श्रृद्धालु भी शामिल होने के लिए जम्मू कश्मीर पहुंच गए हैं। कथा में सम्मिलित नगर के सेवानिवृत शिक्षक नगेंद्र उपाध्याय एवं विकास मिश्रा ने बताया कि माता वैष्णों की पावन धरा पर रामनाम के जयघोष और भजनों से कथा स्थल का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। कथा में महंत राममनोहर दास महाराज जब रामायण के प्रसंगों का संगीतमय वर्णन करते हैं तो कथा पंडाल में बैठे श्रद्धालु भक्ति की धारा में डूब जाते हैं। कभी प्रभु श्रीराम के वनगमन का प्रसंग भावुक कर देता है तो कभी माता-पिता के प्रति उनका अद्वितीय समर्पण, भाइयों के प्रति प्रेम और धर्म की रक्षा के लिए किए गए त्याग का वर्णन श्रद्धालुओं को जीवन के आदर्शों से जोड़ता है। महाराज कथा के प्रसंगों को केवल धार्मिक आख्यान तक सीमित नहीं रखते, बल्कि उन्हें मानवीय मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा के रूप में प्रस्तुत करते हैं। इससे गंजबासौदा की धार्मिक पहचान और नौलखी खालसा की संत परंपरा को भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल रही है। कथा में जटापाल बाबा की साधु मंडली भी साथ रहकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता कर रही है।

तीन माह से नहीं मिल रहा वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा देने वाले जिले के 32 कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर पिछले तीन माह से वेतन का इंतजार कर रहे हैं। नियमित रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाने के बावजूद भुगतान नहीं होने से कारण आर्थिक परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। घर का किराया, राशन, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी खर्च पूरे करना मुश्किल हो रहा है। एक ओर विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा और AI से जोड़ने की जिम्मेदारी इन इंस्ट्रक्टरों पर है, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपने ही वेतन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। कंप्यूटर शिक्षक का सवाल है कि जब उनसे लगातार काम लिया जा रहा है, तो समय पर वेतन का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा? लगातार वेतन नहीं मिलने से नाराज कंप्यूटर शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द लंबित वेतन जारी नहीं किया गया, तो वह धरना देने के लिए मजबूर होंगे। कंप्यूटर शिक्षकों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि तीन माह का बकाया वेतन तत्काल भुगतान किया जाए। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग कर्मचारियों की परेशानी को गंभीरता से लेकर वेतन जारी करता है या फिर अपनी मांगों को लेकर इंस्ट्रक्टरों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

फिल्टर प्लांट की मोटर खराब जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित

सारंगपुर। नगर के वार्ड क्रमांक 01 स्थित खानगा मोहल्ले में नगर पालिका के फिल्टर प्लांट की बड़ी मोटर खराब होने से शहर की जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हो गई। पेयजल आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिलते ही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष पालीवाल ने जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे को खराब मोटर की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति जल्द सुचारु की जाए, ताकि समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही मोटर दुरुस्त होने तक वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर ध्यान देने के निर्देश भी दिए, जिससे नागरिकों को कम से कम परेशानी हो। निरीक्षण के दौरान फिल्टर प्लांट भवन की एक दीवार गिरी हुई मिली। पेयजल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने दीवार का पुनर्निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए।

आईजा प्रदेश कार्यकारिणी में सोनल जैन को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



सिरोंज। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन जैन पत्रकार संघ की मध्यप्रदेश इकाई की नई प्रदेश कार्यकारिणी में भिंड के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रधान संपादक सोनल जैन को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को संगठन में युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने और प्रदेश स्तर पर पत्रकारों की भागीदारी मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

युवा पत्रकारों को संगठन में मिल रहा महत्व

आईजा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बाफना के मार्गदर्शन तथा प्रदेश महासचिव उमेश जैन की सहमति से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोनल जैन इससे पूर्व संगठन में जिला प्रभारी के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वे कई वर्षों से संगठन से जुड़कर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके अनुभव और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति से प्रदेश के युवा पत्रकारों को संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। वही प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर सोनल जैन ने प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बाफना एवं प्रदेश महासचिव उमेश जैन एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सेनानी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने की बात कही।

मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर देंगे श्रद्धांजलि

शिवपुरी से भोपाल तक 300 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले मुकेश पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

आस्था, श्रद्धा और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर शिवपुरी निवासी मुकेश पाल इन दिनों शिवपुरी से भोपाल तक लगभग 300 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले हैं। अपनी इस विशेष पदयात्रा के दौरान मुकेश पाल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वर्गीय पिताश्री का छायाचित्र अपने साथ लेकर चल रहे हैं। उनका उद्देश्य 2 नवंबर को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री के स्वर्गीय पिताश्री को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। मुकेश पाल ने अपनी इस पदयात्रा का शुभारंभ शिवपुरी स्थित राजश्री मंदिर से किया। यात्रा के दौरान वे रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों, प्राचीन मंदिरों एवं तीर्थ क्षेत्रों में पहुंचकर देवी-देवताओं के दर्शन कर रहे हैं और प्रदेश की उन्नति, खुशहाली, सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इसी क्रम में सिरोंज क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देवपुर पहुंचकर मुकेश पाल ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में अमन-चैन, सामाजिक सद्भाव और निरंतर विकास की कामना की।

मुकेश पाल की यह पदयात्रा केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का सफर नहीं, बल्कि



धार्मिक आस्था, श्रद्धा और सम्मान की भावना से जुड़ी एक विशेष पहल है। लगभग 300 किलोमीटर की लंबी दूरी पैदल तय करते हुए वे विभिन्न धार्मिक स्थलों पर माथा टेक रहे हैं और अपनी यात्रा को आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वर्गीय पिताश्री के छायाचित्र को लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचना और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुकेश पाल 2 नवंबर को भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुकेश पाल की इस पदयात्रा को लेकर क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

शिक्षिका वंदना रघुवंशी के आकस्मिक निधन पर सिरोंज पत्रकार महासंघ ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

सिरोंज। नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं दीपनाखेड़ा निवासी राजेश रघुवंशी की धर्मपत्नी तथा सिरोंज पत्रकार महासंघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी की चाची श्रीमती वंदना रघुवंशी (शिक्षिका) के आकस्मिक निधन का समाचार प्राप्त होने पर नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनके असामयिक निधन से परिवारजनों, रिश्तेदारों, परिचितों एवं शुभचिंतकों में गहरा दुख व्याप्त है। श्रीमती वंदना रघुवंशी एक शिक्षिका थीं। उनके आकस्मिक निधन से परिवार ने अपनी प्रिय सदस्य को खो दिया। इस दुखद घड़ी में सिरोंज पत्रकार महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पत्रकार महासंघ के सदस्यों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में एडवोकेट राजीव जैन सैनानी, मान सिंह रघुवंशी, जफर उल्लाह, तोषमणी पंथी (कन्ना भैया), जुनैद अहमद, वसीम अख्तर, अरबाज खान शैखू सहित सिरोंज पत्रकार महासंघ के अन्य सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। सिरोंज पत्रकार महासंघ ने दिवंगत श्रीमती वंदना रघुवंशी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल दें।



सिरोंज पुलिस ने नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा



सिरोंज। जिले में गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना सिरोंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमशुदा 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया तथा प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मिली जानकारी अनुसार 19 अक्टूबर 2026 को फरियादिया द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के गुम होने की रिपोर्ट थाना सिरोंज में दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 512/26, धारा 137(2) एवं 64 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वही पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. मोनिका तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिरोंज लोकेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बालिका के दोस्तों, परिचितों एवं रिश्तेदारों से पूछताछ कर सूचना तंत्र सक्रिय किया तथा तकनीकी सहायता से तलाश के प्रयास किए। पुलिस टीम ने 27 अक्टूबर 2026 को बालिका को सकुशल दस्तयाब कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द किया। प्रकरण में आरोपी राजाबाबू वंशकार, पिता संतोष वंशकार, उम्र 19 वर्ष, निवासी मूडरा बागल, थाना सिरोंज को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिरोंज में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह बुंदेला, उप निरीक्षक एल.एन. गिरि, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र लोधी, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक रीना खींची, आरक्षक वीरेन्द्र धाकड़ एवं आरक्षक टीकम यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

चलते ट्रक पर चढ़ना पड़ा भारी, पहिए के नीचे आए क्लीनर के दोनों पैर टूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

चलते ट्रक में चढ़ने की कोशिश एक क्लीनर के लिए जानलेवा साबित होते-होते बची। अचानक हाथ से हैंडल छूटने के कारण क्लीनर सड़क पर जा गिरा और ट्रक का पहिया उसके दोनों पैरों के ऊपर से गुजर गया। हादसे में उसके दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए। घायल को तत्काल सिरोंज सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को श्रीराम ट्रांसपोर्ट का ट्रक मक्का भरकर कृषि मंडी से बाहर निकल रहा था। ट्रक की कमान टीकाराम के हाथों में थी, जबकि क्लीनर लालाराम उन्हें

सिरोंज कृषि मंडी गेट के पास हुआ दर्दनाक हादसा, गंभीर हालत में भोपाल रेफर



रास्ता बता रहा था। मंडी गेट से ट्रक सड़क की ओर मुड़ा तो लालाराम दौड़कर उसमें चढ़ने लगे। इसी दौरान लालाराम का हाथ ट्रक के दरवाजे के हैंडल से छूट गया और संतुलन बिगड़ने से वह सीधे सड़क पर गिर पड़े। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, ट्रक का पहिया उनके दोनों पैरों के ऊपर से गुजर गया। हादसे में लालाराम के दोनों पैरों की हड्डियां टूट गईं। दर्द से कराहते लालाराम को देखकर मौके पर मौजूद लोग भी सहम गए। वही हादसे के तुरंत बाद घायल लालाराम को सिरोंज सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन चोटों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर खान 2 नवंबर को सिरोंज पहुंचेंगे, कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हॉकी के ओलंपियन खिलाड़ी असलम शेर खान सोमवार, 2 नवंबर 2026 को सिरोंज पहुंचेंगे। वे इंडियन वोटर्स क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्लब के संरक्षक के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से लेक सिटी गार्डन, तालाब रोड, सिरोंज में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इंडियन वोटर्स क्लब पिछले कई वर्षों से सिरोंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनहित एवं सामाजिक सरोकारों से



जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। क्लब द्वारा समय-समय पर जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाजहित में योगदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी पूर्व सरपंच एवं इंडियन वोटर्स क्लब के जिला अध्यक्ष जफर खान ने दी। उन्होंने बताया कि असलम शेर खान के आगमन से क्लब के सदस्यों एवं क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्लब के सदस्यों के शामिल होने की उम्मीद है।

प्राथमिक शाला में बच्चों को ढाई घंटे देरी से परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरखेड़ा जागीर

शासकीय प्राथमिक शाला बरुआखार में मध्याह्न भोजन निर्धारित समय पर नहीं परोसे जाने का मामला सामने आया है। शासन के नियमानुसार दोपहर 1 बजे बच्चों को भोजन दिया जाना चाहिए, लेकिन यहां विद्यार्थियों को दोपहर 3:30 बजे भोजन परोसा गया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चे घंटों भूखे-प्यासे भोजन का इंतजार करते रहे।

मामला संकुल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद के अंतर्गत आने वाले विद्यालय का है। देरी से भोजन परोसने के संबंध में शिक्षिका से सवाल किए जाने पर अभद्र व्यवहार किया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों और



अभिभावकों में नाराजगी है। उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित शिक्षिका से जवाब तलब करने और कार्रवाई के लिए पत्र जारी करने की बात कही है। वहीं बीआरसी नटेरन ईश्वरी प्रसाद शर्मा ने भी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे ने ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। वेयरहाउस में भंडारित ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सील, भौतिक स्थिति और अभिलेखों की जांच की गई। इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक श्री प्रमोद रजक एवं सहायक ईवीएम नोडल अधिकारी मुकेश पटेल भी मौजूद रहे।

जहां स्वच्छता होती है, वहां आरोग्य और समृद्धि का वास : डॉ. प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय स्त्रीशक्ति सागर एवं 33 एमपी बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याण विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि जहां स्वच्छता होती है, वहां आरोग्य और समृद्धि का वास होता है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर जीवन में जिज्ञासु और प्रश्नात्मक सोच विकसित करनी चाहिए। जब हम किसी विषय पर क्यों और कैसे जैसे



सवाल करते हैं, तभी समस्याओं का समाधान खोज पाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का संबंध केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने से नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ रहने से भी है। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ घर, विद्यालय और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि 33 एमपी बटालियन की कर्नल पुष्पा जोशी ने कहा कि आधुनिक और भागदौड़ भरे जीवन में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। स्वस्थ शरीर और स्वच्छ वातावरण ही सशक्त समाज एवं समृद्ध राष्ट्र का आधार हैं। इसके लिए पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम और आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखना जरूरी है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष प्रज्ञा उपाध्याय सहित एनसीसी कैडेट्स की उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन सुनीता दीक्षित ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।



स्वदेशी जागरण मंच ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, एलन मस्क का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वदेशी जागरण मंच ने स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा को भारत में संचालन की अनुमति देने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। इस संबंध में मंच के जिला पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विदेशी उपग्रह इंटरनेट सेवाओं से जुड़े संभावित सुरक्षा जोखिमों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के बाद मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन स्थित कालीचरण चौराहे पर स्टारलिंक के मालिक एलन मस्क का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

ज्ञापन में कहा गया कि विदेशी उपग्रह इंटरनेट सेवाओं के संचालन से राष्ट्रीय सुरक्षा, संवेदनशील डेटा की गोपनीयता और देश की डिजिटल संप्रभुता से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े हो सकते हैं। इसलिए ऐसी सेवाओं को अनुमति देने से पहले उनके तकनीकी ढांचे, डेटा के नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की जानी चाहिए। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक और संचार सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है, लेकिन इसके साथ देश की सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। भारत जैसे विशाल देश में संचार व्यवस्था केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विदेशी कंपनियों की सेवाओं पर निर्भरता बढ़ने से पहले सभी संभावित पहलुओं का परीक्षण जरूरी है।उन्होंने मांग की कि राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए स्टारलिंक को संचालन की अनुमति देने संबंधी निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए तथा स्वदेशी संचार तकनीक और घरेलू कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि देश डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

शासकीय उचित मूल्य दुकान मालथौन का किया निरीक्षण

सागर। जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे ने सेवा सहकारी समिति मालथौन द्वारा संचालित शास. उचित मूल्य दुकान मालथौन क्र. 2 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मालथौन एसडीएम मोना दांगी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने राशन की उपलब्धता, नाम से आवक एवं उठाव की जानकारी ली। उन्होंने स्टॉक पंजी, वितरण पंजी, स्टॉक-सूची तथा कुल पंजीकृत हितग्राहियों की पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान से मिलने वाले खाद्यान्न का भौतिक निरीक्षण किया एवं गुणवत्ता जाँची। साथ ही राशन वितरण व्यवस्था, वितरण की प्रक्रिया एवं तौल मशीन के सत्यापन की जानकारी ली। जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे ने दुकान पर उपस्थित हितग्राहियों से संवाद कर उचित मूल्य दुकान से मिलने वाले राशन की मात्रा, गुणवत्ता एवं नियमित वितरण के संबंध में जानकारी ली। निगरानी समिति के सदस्यों से चर्चा की एवं भवन की स्थिति का जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ ने निर्देश दिए कि दुकान निर्धारित समय पर एवं नियमित रूप से खुली रखी जाए। सभी पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा एवं गुणवत्ता का खाद्यान्न ई-पॉज मशीन के माध्यम से समय पर वितरित किया जाए।

प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

ग्यारसपुर। शुक्रवार को ग्राम पंचायत ग्यारसपुर कार्यालय में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था मणिपुर विकासखंड ग्यारसपुर जिला विदिशा सेक्टर क्रमांक 1 ग्यारसपुर ग्राम पंचायत भवन ग्यारसपुर में समितियों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न जिसमे सैक्टर की पांचों समितियों से अध्यक्ष सचिव सदस्यों नवांकुर सखियां ने भाग लिया प्रशिक्षण के दौरान विकास खंड समन्वयक स्वदेश आचार्य जी के द्वारा जन अभियान परिषद के बारे मे विस्तृत जानकारी दी ओर समाजसेवी पत्रकार सीताराम कुशवाह द्वारा शासन की योजनाओं को विस्तार पूर्वक समझाया संस्था प्रमुख शैलेंद्र रघुवंशी द्वारा कार्यक्रम की पुरी रूप रेखा तैयार और सभी का आभार व्यक्ति किया।



बिछिया की गौशाला में गौ संरक्षण के प्रयास सराहनीय : संभागायुक्त

संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने किया गौशाला का निरीक्षण, व्यवस्थाओं और गतिविधियों की प्रशंसा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने ग्राम बिछिया स्थित आदर्श श्री गोपाल कृष्ण गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का अवलोकन कर गौशाला की



व्यवस्थाओं की सराहना की। संभागायुक्त शर्मा ने गौशाला में गौवंश के रखरखाव, खान-पान, सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गौशालाएं केवल गौवंश के संरक्षण का केंद्र नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, जैविक संसाधनों के उपयोग और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसके लिए गौशालाओं का बेहतर संचालन और सामूहिक सहभागिता जरूरी है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने संभागायुक्त को गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए बताया कि गौवंश को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। पशुपालन विभाग के माध्यम से पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल, बीमार गौवंश का उपचार और आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। संभागायुक्त ने गौशाला में किए जा रहे प्रयासों को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि इस तरह की पहल गौ संरक्षण एवं संवर्धन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं। इस अवसर पर एसपी रोहित काशवानी, वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नवागत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने किया एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण

सागर। जिले के नवनियुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लेने और मैदानी स्तर पर कामकाज देखने के लिए मालथोन स्थित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अनुभागों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर यादव ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रिकॉर्ड रूम, न्यायालयीन प्रकरणों से जुड़ी फाइलों, और जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों के निराकरण की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित और समय-सीमा



के भीतर निराकरण पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक समय पर पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यालयीन कामकाज में अनुशासन, स्वच्छता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जगदीश कुमार गोमे, संयुक्त कलेक्टर रवीश श्रीवास्तव , एसडीएम सुश्री मोना दांगी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

हिंदू संगठन के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने सौंपा ज्ञापन, जमकर की नारेबाजी

छात्रा से मारपीट के आरोप में पीएचई की उपयंत्री के निलंबन की मांग, दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की उपयंत्री रंजना जादौन ठाकुर पर छात्रा के साथ मारपीट करने के आरोप को लेकर शुक्रवार को जमकर विरोध प्रदर्शन हुआ। हिंदू संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक ठाकुर के नेतृत्व में छात्राओं समेत क्षेत्रवासियों ने पीएचई कार्यालय पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और कार्यालय के सामने धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य अधीक्षण यंत्री आरएल शाक्यवार को लिखित ज्ञापन सौंपकर संबंधित उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उपयंत्री रंजना जादौन ठाकुर ने मुखर्जी नगर गेट के सामने एक छात्रा के साथ थप्पड़ मार कथित मारपीट की थी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है, लेकिन प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अब तक आरोपी उपयंत्री की गिरफ्तारी नहीं हुई और न ही विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई है। इसी को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

एफआईआर के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी

ज्ञापन में कहा गया कि छात्रा के साथ मारपीट का मामला गंभीर है। पुलिस में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद विभाग द्वारा संबंधित कर्मचारी के खिलाफ निलंबन जैसी कार्रवाई नहीं करना कई सवाल खड़े करता है। लोगों ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जांच पूरी होने तक महिला उपयंत्री को विभागीय जिम्मेदारियों से अलग रखा जाए। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अधिकारियों से जवाब मांगा और कार्रवाई में देरी पर नाराजगी जताई।

कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल ने बताया कि पीएचई की महिला सब इंजीनियर पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। सीजेएम कोर्ट के न्यायाधीश फिलहाल अवकाश पर हैं। इसके बाद कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा।



प्रभार छीनने को बताया दिखावटी कार्रवाई

हिंदू संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक ठाकुर ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी संबंधित उपयंत्री को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले उपयंत्री को पदोन्नति देकर उपकृत किया गया और अब विरोध बढ़ने पर आनन-फानन में प्रभारी एसडीओ का प्रभार लेकर रवि कुमार को सौंप दिया गया। इसके बावजूद उपयंत्री की पदस्थापना उसी स्थान पर बनी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब गंभीर वित्तीय आरोपों को लेकर शिकायत और एफआईआर दर्ज है तो विभाग निलंबन की कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है।

मुख्य कार्यपालन यंत्री सेवानिवृत्त प्रांजलि राय ने संभाला प्रभार

शुक्रवार को प्रदर्शन के बीच विभाग में प्रशासनिक बदलाव भी हुआ। मुख्य कार्यपालन यंत्री आरएल सेकवार शाम करीब पांच बजे सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर रायसेन की नवागत कार्यपालन यंत्री प्रांजलि राय ने प्रभार संभाल लिया। ऐसे में अब छात्रा से थप्पड़ मारपीट के आरोप और विभाग में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच को लेकर नए अधिकारी की भूमिका पर भी लोगों की नजर रहेगी।

1 करोड़ के कथित फर्जी बिलों की जांच की मांग

प्रदर्शन के दौरान पीएचई विभाग में कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला भी उठाया। दीपक ठाकुर ने आरोप लगाया कि विभाग में करीब एक करोड़ रुपए के संदिग्ध बिलों का मामला सामने आया है। इसमें लगभग 50 लाख रुपए के फर्जी बिल और अन्य 50 लाख रुपए के भुगतान संबंधी जांच की मांग की है।

उन्होंने कलेक्टर रोहित सिसोनिया से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। आरोप लगाया कि ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत बिलों में बिजली भुगतान से संबंधित राशि में भी गड़बड़ी की आशंका है। एक ठेकेदार के करीब 23 लाख रुपए के ट्रांसफार्मर बिजली बिल के भुगतान से जुड़े दस्तावेजों में 50 लाख रुपए का दूसरा बिल लगाए जाने की बात भी कही गई है। प्रदर्शनकारियों ने इन दस्तावेजों की जांच कर वास्तविक भुगतान और बिलों का मिलान कराने की मांग की। उनका कहना है कि नल-जल योजनाओं, हैंडपंप उत्खनन और अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े बिलों की भी जांच होनी चाहिए।

इनका कहना है

पीएचई विभाग में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लंबित और संदिग्ध बिलों की नए सिरे से जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।-

- प्रांजलि राय, नवागत कार्यपालन यंत्री, पीएचई रायसेन।

पीएम किसान सम्मान निधि की किसानों के खाते में डाली किस्त

खाद की काला बाजारी पर लगाम, ई-टोकन सिस्टम से मिल रही अब खाद : प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



उन्नत कृषि यंत्रों और बीजों की दी जानकारी

कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि यंत्रों और बेहतर किस्म के बीजों की जानकारी दी गई। शिविर स्थल पर पराली प्रबंधन को लेकर विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें पराली के उचित प्रबंधन एवं फसल अवशेषों का उपयोग करने के तरीकों की जानकारी दी। साथ ही पराली प्रबंधन में उपयोगी सुपर सीडर, हेप्पी सीडर सहित अन्य कृषि यंत्रों का प्रदर्शन कर किसानों को उनके उपयोग और महत्व से अवगत कराया।

जिले के प्रभारी मंत्री और मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने शुक्रवार को दोपहर पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में आयोजित पीएम सम्मान निधि हितलाभ एवं किसान उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार में सड़कों और बिजली कटौती और खाद की कालाबाजारी आदि समस्याओं से आमजन और किसान भलीभांति वाकिफ हैं।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आना था, लेकिन उनकी माताजी का देहांत हो जाने की वजह से उनके पैतृक गृहग्राम जैत सीहोर रवाना हो गए थे।

प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने कहा कि पहले खाद की ब्लैक मार्केटिंग होती थी, उनकी सरकार ने निर्णय लिया कि किसान को खाद ई-टोकन सिस्टम पर उसकी फसल की जितनी गिरदावरी है, खेती के बराबर खाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को उनकी जोत के हिसाब से डीएपी यूरिया व अन्य खाद उपलब्ध कराने की पारदर्शी व्यवस्था की है। ई टोकन सिस्टम से खाद वितरण में गड़बड़ी रुकी है। यदि कहीं भी खाद न मिलने या अधिक दाम पर बेचने की शिकायत मिलती है तो किसान सीधे कलेक्टर, एसडीएम से शिकायत कर सकते हैं, मौके पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के गुजरात में आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम को रायसेन के किसानों ने भी देखा।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, विधायक सुरेंद्र पटवा, कलेक्टर रोहित सिसोनिया, एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी दीपक नायक, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, एडीएम मनोज उपाध्याय एसडीएम मनीष शर्मा तहसीलदार भरत सिंह मंडले, जिपं अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष कमलेश राजपाल, ओमप्रकाश मीणा, संजय मीणा, प्रकाश पटेल नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, जिला पंचायत सदस्य पूजा राकेश चौकसे, सहित अन्य उपस्थित हुए।

रेवापुरम कॉलोनी में आरएसएस के नए भवन के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिपरिया रोड पर विकसित हो रही रेवापुरम कॉलोनी में लगभग 2700 वर्ग फीट भूमि पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नवीन कार्यालय भवन निर्माण के लिए प्रांत संघ चालक अशोक पांडे द्वारा अतिथियों के साथ विधिवत्त भूमि पूजन किया। संघ चालक अशोक पांडे ने कहा कि संघ के लिए कार्यालय आवश्यक है लेकिन साधन केवल कार्य में सहायक हो हम साधन के आदि न बन जाए कहा कि संघ का लक्ष्य भारत राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचना है।



व्यक्ति का निर्माण : संघ चालक पांडे ने कहा कि 1925 में संघ शाखा की शुरुआत 21 स्वयंसेवकों के साथ हुई थी। प्रथम गुरु दक्षिणा 84 रुपए थी संघ का धीरे-धीरे विस्तार हुआ लाखों स्वयंसेवक प्रतिदिन नियमित रूप से शाखा में पहुंचते हैं। संघ व्यक्ति का निर्माण करता है कष्ट सहकर भी समाज सेवा राष्ट्र सेवा के कार्य कर सके। कहा कि संघ कार्य ईश्वरी कार्य है हमारा गौरवशाली इतिहास हमें जानने की आवश्यकता है। बौद्धिक रूप से धन संपदा वैज्ञानिक रूप से हम कर्तव्य परायण संस्कारी और सेवा कार्य में आगे रहे और विश्व गुरु के रूप में जाने जाते रहे।

भाजयुमो के प्रतीक द्विवेदी बने जिला अध्यक्ष राजेंद्र जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बरेली

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री की नियुक्तियां घोषित की हैं।

प्रदेश कार्यालय से जारी नियुक्ति पत्र अनुसार रायसेन जिले के बरेली निवासी प्रतीक द्विवेदी को जिला अध्यक्ष एवं राजेन्द्र मीणा को जिला महामंत्री मनोनीत किया है।



रायसेन जिले के भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं नेताओं में नियुक्तियों से भारी हर्ष बना हुआ है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीद्विवेदी एवं महामंत्री श्री मीणा को बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

प्रतीक द्विवेदी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

बाड़ी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा युवा नेता प्रतीक द्विवेदी को जिले का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बाड़ी नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति के बाद नगर के भाजपा पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने द्विवेदी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत बरेली में लगा ब्लॉक स्तरीय शिविर

राज्यमंत्री पटेल ने सुनी लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को बरेली में विशाल शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



शिविर के दौरान स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने नागरिकों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मंच से प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में बाड़ी ब्लॉक एवं जिले के अधिकारी मौजूद रहे

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर रोहित सिसोनिया, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक द्विवेदी, राजेंद्र ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष योगेश पटेल, विधायक प्रतिनिधि राजेश साहू, पार्षद गण सहित सीएमओ हरिशंकर वर्मा एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

अज्ञात वाहन से बाइक सवार एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत, दूसरा घायल

रायसेन। बीती रात सेहतगंज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक हादसे का शिकार हो गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान जितेंद्र विश्वकर्मा (28) निवासी भोपाल के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक विकास मेहरा (26) बताया गया है। दोनों युवक बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान सेहतगंज के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल रायसेन पहुंचाने की व्यवस्था की। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

परिवहन सचिव ने आरटीओ कार्यालय पहुंचकर किया निरीक्षण, समय पर सेवाएं देने के लिए दिए निर्देश

रिकॉर्ड संधारण और ऑनलाइन सेवाओं की जांच, बोले- काम पेंडिंग रखना बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला परिवहन कार्यालय में शुक्रवार को उस समय अधिकारियों और कर्मचारियों में हलचल मच गई, जब मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के सचिव एवं जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह औचक निरीक्षण करने पहुंच गए।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत रायसेन के खरगावली स्थित जिला आरटीओ कार्यालय पहुंचे श्री सिंह ने कार्यालय की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण और नागरिकों को दी जा रही ऑनलाइन सेवाओं की हकीकत जांची। उन्होंने विभिन्न कक्षों और कार्यालय परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों से कामकाज की जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में रखे दस्तावेजों और अभिलेखों का अवलोकन किया। रिकॉर्ड के व्यवस्थित संधारण और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिला परिवहन कार्यालय में आने वाले नागरिकों को छोटे-छोटे कामों के लिए बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ें। ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन सहित विभाग की सभी सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराई जाएं।

निरीक्षण के दौरान आरटीओ रीतेश तिवारी और पीआरओ अनुभा सिंह मौजूद रहे।

पेंडिंग काम मिले तो जिम्मेदारी तय होगी

परिवहन सचिव श्री सिंह ने कार्यालयीन स्टाफ से चर्चा कर कामकाज में आने वाली समस्याओं की जानकारी भी ली। उन्होंने आरटीओ रीतेश तिवारी और कर्मचारियों को दो टूक निर्देश दिए कि आम नागरिकों के काम प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा मुझे लापरवाही पसंद नहीं है, कोई काम पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। कार्यालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने और नागरिकों की शिकायतों का संवेदनशीलता से निराकरण करने पर जोर दिया।

सचिव के अनुसार अध्यक्ष-कोषाध्यक्ष के कहने पर शुभजीत यूनिफॉर्म कंपनी को दिया चेक

कोषाध्यक्ष पर आरोप, गणवेश के नाम पर निकाले साढ़े पांच लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

आदिवासी सेवा संघ बाड़ी में आदिवासी आश्रम के बच्चों की गणवेश के नाम पर 5 लाख 50 हजार रुपये की राशि निकासी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। संस्था के निर्वाचित सचिव प्रदीप चीचाम ने कोषाध्यक्ष जतन सिंह उइके पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि 25 वर्षों से किसी न किसी पद पर रहने वाले कोषाध्यक्ष बच्चों की संस्था को अंदर ही अंदर दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं।

सचिव चीचाम के अनुसार वर्ष 2025-26 में आश्रम के छात्र-छात्राओं की गणवेश के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये की राशि बैंक से निकाली गई थी। आरोप है कि यह चेक उन्होंने अपने स्तर पर नहीं, बल्कि अध्यक्ष विजय सिंह बरकरे के कहने पर कोषाध्यक्ष जतन सिंह उइके के माध्यम से भोपाल की शुभजीत यूनिफॉर्म के खाते में दिया था।

सचिव का कहना है कि चेक के माध्यम से भुगतान होने के बाद भी गणवेश आश्रम के बच्चों तक नहीं पहुंची।



कार्यकारी सचिव के हस्ताक्षर पर वैधानिक सवाल

सचिव ने अपने पत्र में सबसे बड़ा सवाल कार्यकारी सचिव राजीव गौर को लेकर उठाया है। सचिव के अनुसार अध्यक्ष ने पत्र क्र. 51 दिनांक 28/09/26 से राजीव गौर को अस्थायी सचिव नियुक्त कर दिया। सवाल यह है कि जब तक महासभा समिति की विधिवत बैठक बुलाकर इस बर्खास्तगी और नई नियुक्ति का अनुमोदन नहीं होता, तब तक कार्यकारी सचिव राजीव गौर को संस्था के बजट, सरकारी कागजों और अनुदान प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति किस नियम के तहत दी गई? बिना महासमिति के निर्णय के यह प्रक्रिया पूरी तरह अवैधानिक है।

इनका कहना

- जतन सिंह उइके द्वारा उन पर हमेशा दबाव बनाया जाता था कि तुम्हें किसी भी समय में पद से हटा सकता हूं, जैसा कहता हूं वैसे करता जा जब मैं इसका विरोध किया तो आखिरकार मुझे पद से हटाने का नोटिस दे ही दिया।

- प्रदीप चीचाम, सचिव आदिवासी सेवा संघ बाड़ी

- इस पूरे मामले में अध्यक्ष और सचिव के ही हस्ताक्षर होते हैं, उनके द्वारा ही राशि को निकल गया है इसमें मेरा कोई लेना-देना नहीं।

- जतन सिंह उइके, कोषाध्यक्ष आदिवासी सेवा संघ बाड़ी।

मैं अभी गांव में हूं मुझे जानकारी नहीं है, मैं आकर आपसे मिलता हूं आप क्या कहना चाहते हैं समझ नहीं आ रहा है।

- विजय सिंह बरकरे, अध्यक्ष आदिवासी सेवा संघ बाड़ी।

यह वैधानिक प्रक्रिया तो नहीं है कार्यकारिणी ने सचिव को हटाने का नोटिस दिया और राजीव गौर को सचिव बना दिया, मुझे जैसा आदेश मिला मैं वैसा कार्य कर रहा हूं।

- रामकुमार सिंह ठाकुर, प्राचार्य आदिवासी सेवा संघ बाड़ी।

पिछले दो वर्ष से महासमिति की बैठक नहीं रखी है ऐसा नहीं होना चाहिए था प्रतिवर्ष महा समिति की बैठक रखी जानी चाहिए थी, मुझे आप लोगों के माध्यम से यह जानकारी लगी है। महासमिति की बैठक जल्द से जल्द बुलाकर कार्यकारिणी समिति के खिलाफ निर्णय लिया जाएगा।

- विनोद इरपाचे, पूर्व अध्यक्ष आदिवासी सेवा संघ बाड़ी।

नगर आगमन पर फूलमालाओं से किया स्वागत

श्रवण बेलगोला तीर्थ यात्रा पूर्ण कर लौटे 25 जैन तीर्थयात्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत कर्नाटक प्रांत स्थित जैन तीर्थ क्षेत्र श्रवण बेलगोला की यात्रा कर लौटे नगर के 25 जैन तीर्थयात्रियों का समाजजनों ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

तीर्थयात्रियों ने यात्रा के दौरान प्राप्त आध्यात्मिक अनुभवों और स्मृतियों को साझा किया। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जैन धर्मावलंबियों के लिए श्रवण बेलगोला तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था।

यात्रा से लौटने के बाद सभी तीर्थयात्री पारसनाथ जिनालय पहुंचे और श्रीजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान समाजजनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। तीर्थयात्रियों ने यात्रा के अनुभव साझा करते हुए धार्मिक स्थलों के दर्शन को यादगार बताया।